# भारत-जापान मंच पर मोदी का भविष्य विजन

## व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में होगा सहयोग

**नई दिल्ली, 03 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए दोनों देशों के मजबूत और लंबे समय से चले आ रहे आर्थिक रिश्तों पर जोर दिया. अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने की बात कही.**




मोदी ने भारत-जापान जॉइन्ट इकनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि आपके साथ यहां मंच में उपस्थित होना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है. उन्होंने कहा कि यहां मौजूद कई कंपनियां दशकों से भारत के साथ जुड़ी हुई हैं. कुछ तो एक सदी से भी ज्यादा समय से भारत की विकास यात्रा का हिस्सा रही हैं. और जो नए साझेदार इस मंच से जुड़ रहे हैं, मैं उन्हें भारत-जापान की इस सफलता की कहानी का हिस्सा बनने पर दिल से बधाई देता हूं. पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जापान का रिश्ता वाकई बहुत खास है.

हमारी आर्थिक साझेदारी की कई शानदार मिसालें हैं. अभी थोड़ी देर पहले हमने हरियाणा के खरखोदा में मारुति सुजुकी के नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया. आज सुजुकी की दुनिया भर में बनने वाली करीब दो-तिहाई गाड़ियां भारत में बनती हैं और 100 से ज्यादा देशों में निर्यात होती हैं. संबोधन के दौरान ही प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम ताकाइची से कहा, मुझे बताया गया है कि आपको मोटर बाइक का बहुत शौक है.

### ताकाइची भारत से हुईं रवाना

जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची आज शुक्रवार को नई दिल्ली की तीन दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद भारत से रवाना हो गई. इस यात्रा से दोनों देशों के बीच साझेदारी को साझा लक्ष्यों की ओर बढ़ावा मिला. केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने पीएम ताकाइची को भारत से रवाना होते समय एयरपोर्ट पर विदा किया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एक यादगार दौरा खत्म हुआ, जो भारत-जापान साझेदारी को साझा लक्ष्यों की ओर ले जाएगा.

# स्वीडन में रूसी दूतावास पर ड्रोन हमले

**हेलसिंकी, 03 जुलाई.** स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में स्थित रूसी दूतावास पर ड्रोन से हमले किये गये हैं. रूसी दूतावास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि स्थानीय समयानुसार आज तड़के करीब दो बजे दूतावास परिसर पर दो ड्रोन से हमले किये गये। दूतावास ने टेलीग्राम पर जारी बयान में कहा कि एक क्वाडकॉप्टर ने दूतावास परिसर के भीतर लाल रंग से भरा एक कंटेनर गिराया, जबकि दूसरा ड्रोन, जिसमें दूतावास के अनुसार एक नकली विस्फोटक उपकरण (डमी आईईडी) लगा था, दूतावास भवन के निकट परिसर के अंदर आ गिरा.



**शिष्टाचार मुलाकात**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में उनके निवास पर नवभारत भोपाल के संपादक दिलीप झा ने एक शिष्टाचार मुलाकात की.

# 23 विपक्षी दलों ने सीजेआई को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, 03 जुलाई.** कांग्रेस ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के 23 विपक्षी दलों तथा एक निर्दलीय सांसद ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाते हुए उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है. कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 28 जून को मुख्य न्यायाधीश को भेजा गया यह पत्र सार्वजनिक किया. पत्र में कहा गया है कि सामान्य परिस्थितियों में न्यायपालिका को इस प्रकार पत्र लिखने की आवश्यकता नहीं पड़ती.

# प. बंगाल में महिषासुरों का होगा नाश


## ■ दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड का गठन ■ हर थाने में महिला सहायता केंद्र स्थापित



**कोलकाता, 03 जुलाई.** बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड' गुरुवार को अस्तित्व में आ गया. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सचिवालय नबान्न में इसकी घोषणा की.

उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि महिलाओं की सुरक्षा उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है. इसमें 'जीरो टालरेंस' की नीति अपनाई जाएगी. ऐसे मामलों में तत्काल कानूनी कार्रवाई होगी. निर्भया से अभया तक की कड़वी घटनाओं से सीख लेते हुए सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाएगी. दुर्गा सुरक्षा स्क्वायड के तहत महिला पुलिसकर्मी मोटरसाइकिल पर सवार होकर सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर नियमित गश्त लगाएंगी. यदि किसी महिला के साथ छेड़छाड़ या उत्पीड़न की घटना होती है तो यह विशेष दल तत्काल कार्रवाई करेगा.

### समाधान ही लोकतंत्र की असली पहचान : बिरला



**नई दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी आदर्श राज्य विधानसभा का मुख्य उद्देश्य सार्थक चर्चा करने और मुद्दों को पहचानने के अलावा, मौजूदा समस्याओं का समाधान खोजना भी होना चाहिए. लोकसभा अध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के उद्घाटन के दौरान यह बात कही. उन्होंने कहा कि आम लोगों को विधायक से बहुत उम्मीदें और अपेक्षाएं होती हैं.

### आज का इतिहास

1914 - बर्दुन का युद्ध समाप्त.
1916 - हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री नसीम बानो का जन्म
1996 - रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन पुन: चार वर्ष हेतु राष्ट्रपति निर्वाचित.
1997 - अमेरिकी यान सोजर्नर मंगल ग्रह पर पहुँचा.
2001 - भारत द्वारा पाकिस्तान के नागरिकों (बंदियों) की रिहाई के निर्देश.

अपने व्यापार को दें नई ऊंचाइयां **नवभारत** के माध्यम से

## शिवराज का तोतापरी आम मिशन शुरू

# तोतापरी आम को मिलेगा अब नया बाजार

**नई दिल्ली, 03 जुलाई.** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आंध्र प्रदेश के हालिया दौरे के दौरान तोतापरी आम उत्पादक किसानों के साथ व्यापक संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया.

किसानों ने अवगत कराया कि

**आम किसानों के हित में बड़ा फैसला**

प्रसंस्करण के लिए बड़े पैमाने पर उगाई जाने वाली तोतापरी आम किस्म की कीमतों में हाल के समय में उल्लेखनीय गिरावट आई है, जिसके कारण राज्य के आम उत्पादक किसानों को गंभीर आर्थिक संकट और असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है. इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चौहान ने तत्काल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के माध्यम से वैज्ञानिकों एवं संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए, ताकि तोतापरी आम क्षेत्र की पूरी वैल्यू चेन का समग्र अध्ययन कर किसानों को लाभकारी मूल्य और क्षेत्र के दीर्घकालिक, सतत विकास के लिए ठोस समाधान प्रस्तुत किए जा सकें. आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ द्वारा जारी कार्यालय आदेश में बताया गया है कि आंध्र प्रदेश के दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संज्ञान में आया कि राज्य में प्रसंस्करण हेतु व्यापक रूप से उगाई जाने वाली तोतापरी आम किस्म की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट हुई है.



> इस दौरान समिति का फोकस निम्न मुख्य बिंदुओं पर रहेगा: तोतापरी आम की खेती की वर्तमान स्थिति, उत्पादन लागत और किसानों की आय, प्रसंस्करण उद्योगों की क्षमता, उपयोग स्तर और मांग-आपूर्ति का संतुलन, घरेलू बाजार और निर्यात बाजार में कीमतों में गिरावट के वास्तविक कारण, वैल्यू चेन के अलग-अलग स्तरों पर आने वाली चुनौतियाँ और संभावित सुधार उपाय.


# मणिपुर में उग्रवादियों को गिरफ्तार कर हथियार किए बरामद

**इंफाल, 03 जुलाई.** मणिपुर में सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में भारी मात्रा में हथियार बरामद करते हुए उग्रवादियों को गिरफ्तार किया तथा उनके चार बंकर नष्ट किए. मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. सुरक्षा बलों ने विष्णुपुर जिले में कुम्बी थाना के तहत कुम्बी सगोलपत के पास कुम्बी सेतुपुर की तलहटी से मैगजीन के साथ एक एम-16 राइफल, मैगजीन के साथ एक 9एमएम पिस्तौल, तीन सिंगल-बैरल बंदूकें, एक पॉम्पी, पांच पॉम्पी बम, चार नंबर 36 एचई हैंड ग्रेनेड, 32 कारतूस, तीन इंसास मैगजीन और अन्य सामान बरामद किया. सुरक्षा बलों और पुलिस ने चंदेल जिले में मोलचम थाना के तहत जौपी इलाके के चालजांग गांव में एक और अभियान के दौरान एक एके-56 असॉल्ट राइफल, पांच मैगजीन, 10 सिंगल-बोर राइफलें, चार्जर के साथ पांच बाओफेंग रेडियो सेट और दो 12-गेज शॉटगन बरामद किये. इस बीच मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के पोरोमपट थाना के तहत वाखा चिंग से उग्रवादियों के पास से दो .32 पिस्तौल, एक 12-बोर पंप-एक्शन बंदूक, एक डबल-बैरल बंदूक, एक सिंगल-बैरल बंदूक, पांच हैंड ग्रेनेड, तीन ग्रेनेड डेटोनेटर, एक लाथोडे शेल, दो 2-इंच मोर्टार एचई बम, पांच ट्यूब लॉंचर, दो पिस्तौल मैगजीन, 86 कारतूस, 20 बैरल कारतूस, नौ खाली 7.62 एमएम कारतूस के खोल और जैकेट एवं बूट सहित सेना की वर्दी बरामद की.

# सरकार जबर्दस्ती थोप रही 20 प्रश इथेनॉल मिला पेट्रोल

**नई दिल्ली, 03 जुलाई।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लोगों पर जबरदस्ती 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला पेट्रोल थोपने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि मोदी सरकार के लिए पूरा देश प्रयोगशाला है। केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार लोगों पर जबरदस्ती 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला पेट्रोल थोप रही है। जबकि एथनॉल से गाड़ियां बंद हो रही हैं, पार्ट्स खराब हो रहे हैं और माइलेज भी 30 प्रतिशत कम आ रहा है। इससे देश भर में लोगों के अंदर जबरदस्त गुस्सा है. जब गाड़ियों का 30 प्रतिशत माइलेज कम आ रहा है, तो इथेनॉल मिला पेट्रोल भी 30 प्रतिशत सस्ता होना चाहिए।

आप संयोजक ने एक्स पर वीडियो संदेश में कहा कि 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। 30 जून को केंद्र सरकार ने अटॉर्नी जनरल के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में यह कहा कि यह सिर्फ एक प्रयोग है और इसके परिणामों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी.



**NAME CHANGE**

I **FATEMA ABBAS ALIHUSAIN MALHARGARHWALA** HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGE MY NAME AS **FATEMA MALHARGARHWALA W/O ABBAS MALHARGARHWALA DOB:28/08/1980** SO FROM NOW AND IN FUTURE I WILL BE KNOWN BY MY NEW NAME **FATEMA MALHARGARHWALA W/O ABBAS MALHARGARHWALA**

**ADRES-** 29 NAJAMPURA. SARAFA BAZAR, MANDSAUR M.P.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, उज्जैन

क्रमांक / स्वा. वि. / 2026 / 1993 — उज्जैन, दिनांक 02/07/2026

(द्वितीय निविदा - विज्ञप्ति)

नगर पालिक निगम, उज्जैन द्वारा इच्छुक संस्था /फर्म/कम्पनी से निम्नांकित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। टेण्डर फार्म का मुल्य 5000/- रूपये रहेगा तथा निविदा ऑनलाईन क्रय करने व ऑलाईन ई. एम. डी. राशि व समस्त दस्तावेज SUBMISSION करने की प्रारम्भ, दिनांक 29.06.2026 समय दोपहर 03:00 बजे व अंतिम दिनांक 14.07.2026 सांय 05:30 बजे निविदा की तकनीकि बीड खोलने की 16.07.2026 रहेगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं जानकारी शासन की वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा क्रमांक | अनुमानित लागत | अर्नेस्ट मनी रूपये | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 पशु जन्म नियंत्रण यू.एस.सी. में आवारा श्वानों का बंध्याकरण (नसबंदी) और टीकाकरण संबंधि कार्य । | 2026_UAD_505246_2 | 35.00 लाख | 26,250/- | 365 दिन (1 साल) |

(अपर आयुक्त महोदय की स्वीकृति अनुसार।)

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम उज्जैन



## OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY

Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone, Dewas Road, Ujjain - 456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

**Tender Notice**

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| No. | Tender number & date of issue | Name of work | Work duration & PAC | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ET/26/106 Date 30-06-2026 2026_DTCP_518316_1 | Request for Proposal (RFP) for Empanelment of Consultants and Architects for various works of UDA | 1095 days 5,00,00,000/- | 5900/- 50,000/- | 207/2026 |

Note: Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

(Kuldeep Raghuwanshi)
Executive Engineer, UDA, Ujjain



## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, इन्दौर संभाग क्र. 1
जी-13, प्रथम तल, एम.आई.जी. कॉलोनी, क्रिश्चियन एमीनेंट स्कूल के पास, इंदौर 452011, फोन : 9425601533

**निविदा सूचना क्र. 07/2026-27**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, इन्दौर संभाग क्र. 1, इन्दौर द्वारा सिंहस्थ-2028 योजनांतर्गत इन्दौर एवं धार जिलों में निर्माण कार्यों की निविदा क्र. (1) 2026_MPPHC_518943 (2) 2026_MPPHC_518944 (3) 2026_MPPHC_ 518945 आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/126694/2026 — परियोजना यंत्री



## एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

HDFC BANK We understand your world
**शाखा:** एच.डी.एफ.सी हाऊस, 10-A/1, एम.जी. रोड, इन्दौर-452001
**CIN:** L65920MH1994PLC080618, **वेबसाईट** : www.hdfcbank.com

**सार्वजनिक सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरी, **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड, जिसका माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा 17 मार्च 2023 के आदेश के माध्यम से स्वीकृत समामेलन योजना के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो चुका है) **(एचडीएफसी)** के प्राधिकृत अधिकारी हैं।

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत जारी सूचना के अनुसरण में, एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारी (एओ) ने **कॉलम (B)** में उल्लिखित तिथि को **कॉलम (C)** में वर्णित नीचे दी गई संपत्ति का कब्जा ले लिया था।

कब्जा लेने के बाद एवं नीलामी की कार्यवाही से पहले, उधारकर्ता ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्रति अपनी पूरी बकाया ऋण देनदारी का भुगतान कर दिया। परिणामस्वरुप उपरोक्त संपत्ति अब बैंक की एक सुरक्षित संपत्ति नहीं रह गई है और अब प्राधिकृत अधिकारी के कब्जे में भी नहीं है।

| (A) | (B) | (C) |
|---|---|---|
| **श्री शिरिष दालीचंद ओसवाल** **पता 1:** हॉल सी-1, दूसरी मंजिल, ओल्ड बीजे मार्केट जलगांव, महाराष्ट्र 425001. **पता 2:** 5, हाउसिंग सोसायटी जलगांव - 425001 महाराष्ट्र | 03/12/2024 | **अचल संपत्ति का विवरण :** फ्लैट नं. 402, लिविंग पैराडाइस, प्लॉट नं. जी-8-9, विक्टरी ईस्टेट कॉलोनी रतलाम कोठी, इन्दौर, मध्यप्रदेश-452001, क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट, **चर्तु:सीमा:** पूर्व: प्रकोष्ठ नं. 401, पश्चिम: प्लॉट नं. जी-10 पर भवन, उत्तर: सरकारी सडक, दक्षिण: प्लॉट नं. जी-1 पर भवन |

स्थान : इन्दौर
दिनांक : 04.07.2026

वास्ते - एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
ह/-
प्राधिकृत अधिकारी



## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank
**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**
**(CIN-L65110TN2014PLC097792)**
**रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031**
**फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022**

### वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 74483057 | होम लोन | 20-Jun-2026 | 3,38,209.36/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नाम:** 1. संजय बंजारा 2. रामलाल मन्ना जी

**संपत्ति का पता:** आवासीय मकान नंबर 389/1 का पूरा हिस्सा, जो ग्राम पंचायत बर्दियागोयल के म्यूटेशन रजिस्टर में सीरियल नंबर 389/1 पर दर्ज है। यह गांव बर्दियागोयल (पीएच नंबर 43) के आबादी सर्वे नंबर 969 का हिस्सा है। यह मकान गांव बर्दियागोयल, तहसील जावरा, जिला रतलाम, मध्य प्रदेश-457118 में स्थित है। पट्टे के अनुसार माप इस प्रकार है: लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 34 फीट, चौड़ाई (उत्तर से दक्षिण) 32 फीट, कुल क्षेत्रफल 1088 वर्ग फीट। इसकी सीमाएं (पट्टे के अनुसार चार सीमाएं) इस प्रकार हैं: पूर्व में भगवानलाल का मकान, पश्चिम में भुवन सिंह का मकान, उत्तर में रामचंद्र का मकान, दक्षिण में आम रास्ता।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 04.07.2026
स्थान: मध्यप्रदेश
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)



## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**(जनकार्य विभाग)**
ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 45/सिविल/26-27 — **निविदा आमंत्रण** — दिनांक: 29.06.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, DATE 08-11-2025/NON SOR/BUILDING SOR DATE-02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_518208_1 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 के अन्तर्गत तेजाजी नगर मेन रोड का सिमेन्टीकरण करना। | 180 दिवस ₹20,43,327/- | ₹5,000/- ₹15,400/- | 29-07-2026 6.00 PM 31-07-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर



## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

क्रमांक: 839/लीज़/2026 — **जाहिर सूचना** — दिनांक: 01.07.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मध्य प्रदेश अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित 04.05.2021 के प्रावधान अंतर्गत निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा निगम स्वामित्व की लीज भूमि/भवन पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। तालिका में वर्णित भूमि के संबध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को नामांतरण के संबंध में दावा-आपत्ति/सुझाव हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिन में लेखी प्रमाण के साथ निगम कार्यालय (लीज़ शाखा) में सम्पर्क कर प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नही होगी एवं आवेदक के पक्ष में लीज़ नामांतरण की कार्यवाही हेतु नगर निगम द्वारा यथोचित निर्णय लिया जावेगा।

| क्र. | मूल/पूर्व लीज गृहिता का नाम | आवेदक का नाम | लीज सम्पति का विवरण | आवेदन का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्री अजय पिता बनवारीलाल कासट एवं श्रीमती अंजली पति श्री अजय कासट | ब्लॉक नंबर 20 सी म.नं. 4/1 फ्लेट नं. 402 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | विक्रय पत्र एवं सह स्वामित्व अभिलेख के आधार |
| 2. | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्री बनवारी पिता श्री वल्लभदास कासट एवं श्रीमती इन्दिरा पति बनवारीलाल कासट | ब्लॉक नंबर 20 सी म.नं. 4/1 फ्लैट नं. 302 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | विक्रय पत्र एवं सह स्वामित्व अभिलेख के आधार |
| 3. | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्रीमती शीलू पति मनीष सेठी | ब्लॉक नंबर 20 सी म.नं. 4/1, फ्लैट नं. 303 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | दान-पत्र के आधार पर |
| 4. | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्री कैलाशचन्द्र पिता श्री कन्हैयालाल भट्टड एवं राधा पति श्री कैलाशचन्द्र भट्टड | ब्लॉक नंबर 20 फ्लैट नं. 501 मकान नं. 4/1 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | विक्रय-पत्र के आधार पर |
| 5. | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्री राजेश कुमार पिता श्री बाबूलाल जैन एवं श्रीमती सारिका पति श्री राजेश कुमार जैन | ब्लॉक नंबर 20 मकान नं. 4/1 फ्लैट नं. दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | विक्रय-पत्र के आधार पर |
| 6. | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्रीमती पारुल पति श्री अरविन्द श्रीवास्तव | ब्लॉक नंबर 20 फ्लैट नं. 201, मकान नं. 4/1 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | विक्रय-पत्र के आधार पर |
| 7. | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्रीमती मीता पति श्री अरूण श्रीवास्तव | ब्लॉक नंबर 20 फ्लैट नं. 401, मकान नं. 4/1 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | विक्रय-पत्र के आधार पर |
| 8. | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्रीमती मिथलेश पति श्री नागेश गुप्ता | ब्लॉक नंबर 20 मकान नं. 4/1 फ्लैट नं. 204 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | विक्रय-पत्र के आधार पर |
| 9. | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्री सुन्दरलाल पिता श्री रतनलाल सादाणी | ब्लॉक नंबर 20 मकान नं. 4/1 फ्लैट नं. 202, दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | विक्रय-पत्र के आधार पर |
| 10. | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्री कमलेश पिता स्व.श्री रमेशचन्द्र नाहर एवं प्रिया पति श्री कमलेश नाहर | ब्लॉक नंबर 20 फ्लैट नं. 102, मकान नं. 4/1 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | विक्रय-पत्र के आधार पर |
| 11 | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | डॉ. पूर्णिमा डे पति स्व. श्री अंजन डे सरकार | ब्लॉक नंबर 20 फ्लैट नं. 101, मकान नं. 4/1 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज इंदौर | विक्रय-पत्र के आधार पर |
| 12 | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्री भूपेंद्र कुमार पिता श्री हंसराज जैन | ब्लॉक नं. 20 सी, म.नं. 4/1, फ्लैट नं. 103 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज इंदौर | विक्रय-पत्र के आधार पर |
| 13 | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | श्री मनोज कुमार पिता श्री हंसराज जैन | ब्लॉक नं. 20 सी, म.नं. 4/1, फ्लैट नं. 104 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | विक्रय-पत्र के आधार पर |
| 14 | ममता कंस्ट्रक्शन तर्फे पार्टनर राजेन्द्र पिता रामचन्द्र आगार | 1. श्रीमती शीला पति स्व. श्री नरेन्द्र कुमार माहेश्वरी 2. श्रीमती श्रुती पति श्री सतीश ए लाहोटी 3. सुश्री. अपूर्वा पिता स्व. श्री नरेन्द्र कुमार माहेश्वरी | ब्लॉक न. 20 सी म.नं. 4/1, फ्लैट नं. 301 दिलपसंद रेसीडेंसी, मनोरमागंज, इंदौर | वारिसनाते के आधार पर |

अपर आयुक्त
लीज़ शाखा
नगर पालिक निगम, इन्दौर